दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, गुरुवार 14 फरवरी 2019
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# राहत के कदम

उम्मीद के अनुरूप रिजर्व बैंक का नये गवर्नर आने के बाद नीतिगत दरों में कमी की गई है। इससे सस्ते कर्ज का रास्ता खुला है। चुनावी साल में अच्छे दिनों के अहसास के लिए भी यह कदम अपेक्षित था। दरअसल, अब तक महंगाई नियंत्रण के मकसद से ब्याज दरों में कटौती को आरबीआई तैयार न था। अब जबकि खुदरा महंगाई दर 2.4 फीसदी बतायी जा रही है तो ऐसे में रेपो रेट कम होना निश्चय ही अर्थव्यवस्था को गति देगा। अब तक सरकार के दबाव के बावजूद पिछले दो गवर्नर ब्याज दरों में कमी के पक्ष में नहीं थे। उनका विश्वास था कि इससे कीमतों पर नियंत्रण के प्रयास को धक्का लगेगा। लेकिन मौद्रिक नीति समिति के विमर्श में अब महंगाई के स्थान पर विकास को प्राथमिकता दी गई। दरअसल, भारतीय व वैश्विक बाजार में परिस्थितियां अनुकूल हैं, जिसमें सस्ते ब्याज का फैसला तार्किक है। फिलहाल कच्चे तेल के दाम स्थिर या कम होने की ओर हैं, अमेरिका के लचीले रुख से ईरान से कच्चा तेल लेने में दिक्कत नहीं है। वहीं अमेरिका के केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि न करने से रुपये की सेहत ठीक है। साथ ही देश-विदेश में खाद्यान्नों का सस्ता होना भी राहतकारी है।

हालिया अंतरिम बजट में किसानों व मध्य वर्ग को जो राहत देने का प्रयास हुआ था, उसी के विस्तार में रेपो रेट कम करके सरकार भी जनता को अच्छे दिनों का अहसास करा रही है। आरबीआई ने किसानों को उपहार देते हुए बिना गारंटी के ऋण की सीमा डेढ़ लाख से अधिक कर दी है। साथ ही बड़ी जमा राशि के नियमों में बदलाव हुआ है। ऐसे में रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में एक-चौथाई प्रतिशत की कमी का एक निष्कर्ष यह भी है कि अर्थव्यवस्था मुश्किल दौर से बाहर आ रही है। इसका लंबे समय से उन लोगों को इंतजार था जो कर्ज सस्ता होने की आस लगाए बैठे थे। इसका प्रभाव उन लोगों पर पड़ेगा जिन्होंने घर, वाहन या शिक्षा ऋण लिया है। या फिर वे लोग जो ऐसा लोन लेना चाहते हैं। जाहिर इससे वाहन बाजार व रियल एस्टेट को संबल मिलेगा। रियल एस्टेट लंबे समय से मंदी के दौर से गुजर रहा था। इन बाजारों के विस्तार से इनसे जुड़े अन्य व्यवसायों के आगे बढ़ने का रास्ता खुलेगा। यह भी विश्वास बढ़ा है कि यदि आगे भी महंगाई नियंत्रित रही तो ब्याज दरों में और कमी हो सकती है। अब देखना यह है कि फंसे कर्ज का दबाव झेल रहे बैंक ब्याज दरों में कब कमी करते हैं।

## 5जी के अवसर को नहीं छोड़ सकता देश, आर्थिक तौर पर डालेगा 1,000 अरब डॉलर से अधिक का प्रभाव: सिन्हा



नयी दिल्ली (आरएनएस)। भारत पर 5जी का आर्थिक प्रभाव 1,000 अरब डॉलर से अधिक होगा। देश इस नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकी के मामले में खुद को आक्रामक तरीके से तैयार कर रहा है। संचार मंत्री मनोज सिन्हा ने मंगलवार को यह बात कही। मंत्री ने कहा कि भारत की '5जी की बस नहीं छूटेगी'। उन्होंने पिछले पांच साल में देश में डाटा उपभोग, ब्रॉडबैंड प्रयोगकर्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी तथा निचले शुल्क का उल्लेख करते हुए कहा कि डिजिटल नेटवर्क की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सिन्हा ने कहा कि हम डिजिटल बदलाव के अगली दौर की तैयारी कर रहे हैं। डिजिटल संचार की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। ''यह महत्वपूर्ण होगा कि हम सुरक्षा परीक्षण पर ध्यान दें और उचित सुरक्षा मानक स्थापित करें। हमने हाल में सुरक्षा विश्वास मानक की तैयारियों के सिलसिले में अत्याधुनिक सुविधा शुरू की है।'' सिन्हा ने दूरसंचार उपकरण एवं सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (टीईपीसी) द्वारा आयोजित इंडिया टेलीकॉम 2019 प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए कहा कि यह इकाई सुरक्षा जरूरतों पर काम करेगी। साथ ही यह देश में परीक्षण तथा प्रमाणन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में भी मदद करेगी।'' मंत्री ने 5जी को पासा पलटने वाला करार देते हुए कहा कि सरकार के प्रमुख कार्यक्रम मसलन डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटीज 5जी के जरिये आगे बढ़ेंगे। सिन्हा ने कहा कि 5जी का आर्थिक प्रभाव 1,000 अरब डॉलर का होगा और उसके बाद पड़ने वाला प्रभाव इससे कहीं अधिक होगा।

## एक से ज्यादा फ्लैट्स बेचकर खरीदेंगे एक फ्लैट तो भी मिलेगा टैक्स छूट का फायदा




मुंबई (आरएनएस)। इनकम टैक्स अपीलेट ट्राइब्यूनल ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि कोई टैक्सपेयर अगर एक से ज्यादा फ्लैट्स की बिक्री से प्राप्त लॉन्ग टर्म कैपिटल गेंस (एलटीसीजी) से देश के अंदर तय समयसीमा में एक आवासीय मकान खरीदता है तो उसे टैक्स छूट का फायदा दिया जाएगा। अपीलेट ट्राइब्यूनल के इस फैसले से मुंबई के टैक्सपेयर्स को फायदा होगा। इसके साथ ही अगर किसी न्यायक्षेत्र में इस भावना के विपरीत कोई न्यायिक आदेश पारित नहीं हुआ हो, तो वहां के टैक्सपेयर्स भी मुंबई ट्राइब्यूनल के फैसले का हवाला देकर अपना पक्ष मजबूत कर पाएंगे। दरअसल, टैक्सपेयर प्रायः दो घरों को बेचकर एक बड़ा घर खरीदते हैं।

**टैक्सपेयर की दलील में दम**

इनकम टैक्स अपीलेट ट्राइब्यूनल ने टैक्सपेयर की इस दलील पर रजामंदी जताई कि आईटी ऐक्ट के सेक्शन 54 के तहत एक आवासीय मकान को बेचने से प्राप्त कैपिटल गेंस से देश में एक से ज्यादा रिहायशी मकान खरीदने पर पाबंदी है। हालांकि, एक से ज्यादा रेजिडेंशल हाउसेज की बिक्री से प्राप्त कैपिटल गेंस से एक मकान खरीदने पर कोई पाबंदी नहीं है।

**क्या है सेक्शन 54**

दरअसल, इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 54 से विवाद पैदा होता है। यह सेक्शन कहता है कि अगर निवेश देश में तय समयसीमा के अंदर एक घर की खरीद में किया गया हो तो एलटीसीजी का एक हिस्सा टैक्स फ्री हो जाता है।

**ट्राइब्यूनल ने कहा...**

इस पर आईटीएटी ने कहा, सेक्शन 54 का प्रावधान किसी भी संख्या में रिहायशी मकानों की बिक्री से प्राप्त कैपिटल गेंस से एक मकान खरीदने पर लागू होता है, बशर्ते यह सही तरीके से तय समयसीमा में किए जाएं। संयोग से इस बार के अंतरिम बजट में भी अतिरिक्त राहत प्रदान की गई है। इसमें देश में दो घरों में निवेश का प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन इसका इस्तेमाल जीवन में एक बार ही किया जा सकता है।

## नहीं चुन मनपसंद चैनल तो रहें बेफिक्र, 31 मार्च तक TRAI ने दिया वक्त



नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने प्रसारण और केबल सेवाओं के लिए नई गाइडलाइंस के तहत ग्राहकों को अपने मनपसंद चैनल चुनने के लिए 31 मार्च तक का समय दिया है. ट्राई ने कहा कि उसने सभी वितरण प्लेटफार्म परिचालकों (डीपीओ) से अपने उन ग्राहकों के लिए 'बेहतर चैनल पैक' बनाने को कहा जिन्होंने अब तक चैनल का चयन नहीं किया है. TRAI ने अपने बयान में कहा, 'उन ग्राहकों के लिए चैनलों के चयन की समयसीमा बढ़ाकर 31 मार्च 2019 कर दिया गया है जिन्होंने अब तक यह विकल्प नहीं चुना है. ग्राहक अपने सहूलियत से योजना को 31 मार्च 2019 को या उससे पहले किसी भी समय बदलने के लिए स्वतंत्र होंगे और ग्राहक द्वारा 'सबसे बेहतर योजना' बताए जाने के 72 घंटे के भीतर कंपनी को चैनल पैक में बदलना होगा.'

ट्राई के मुताबिक देश में 10 करोड़ घरों में केबल सेवा वाले टेलीविजन और 6.7 करोड़ डीटीएच टीवी हैं. करीब 65 प्रतिशत केबल ग्राहक और 35 फीसदी डीटीएच सेवा लेने वाले अपने मनपसंद चैनल चयन का विकल्प अपना चुके हैं.ट्राई ने कहा कि 'बेहतर माकूल योजना' ग्राहकों के उपयोग के अनुरूप, बोली जाने वाली भाषा तथा चैनल की लोकप्रियता के आधार पर तैयार की जानी चाहिए.

## भारतीय मुद्रा एक माह के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में रही गिरावट के बावजूद निर्यातकों की डॉलर बिकवाली से समर्थन पाकर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में



भारतीय मुद्रा लगातार छठे दिन बढ़त बनाती हुई 48 पैसे की तेजी के साथ मंगलवार को एक माह के उच्चतम स्तर 70.70 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गयी। गत दिवस रुपया 13 पैसे की तेजी के साथ 71.18 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। इन छह दिनों में रुपया 110 पैसे मजबूत हुआ है। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के डेढ़ माह के उच्चतम स्तर पर बने रहने से रुपया तीन पैसे की गिरावट में 71.21 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। विदेशी पोर्टफोलिया निवेशकों (एफपीआई) के पूंजी बाजार से 11.69 करोड़ डॉलर की निकासी से यह 71.21 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक आ गया।

## ओलंपिक 2032 की संयुक्त कोरियाई मेजबानी के लिए सोल को चुना गया

सोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया ने 2032 ओलंपिक की दावेदारी के लिए अपनी राजधानी सोल को मेजबान शहर के रूप में चुना है। दक्षिण कोरिया 2032 ओलंपिक की मेजबानी उत्तर कोरिया के साथ मिलकर करना चाहता है। दोनों कोरियाई देश शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के लुसाने में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को आधिकारिक रूप से बोली के अपने फैसले से अवगत कराएंगे।

उत्तर कोरिया के इसी हफ्ते अपने दावेदार शहर की घोषणा करने की उम्मीद है। सोल के अधिकारियों ने बताया कि माना जा रहा है कि राजधानी प्योंगयांग को आईओसी की बैठक से पहले या इससे दौरा इसके लिए चुना जा सकता है।

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> गणेशजी के आशीर्वाद से आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपको सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक क्षेत्र में आपका दिन लाभदायक साबित होगा।

<u>वृषभः</u> आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज आपका मन अनेक प्रकार की चिंताओं से घिरा रहेगा। स्वास्थ्य भी नरम-गरम हो सकता है। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें।

<u>मिथुनः</u> आपका आज का दिन विविध लाभों की प्राप्ति कराने वाला साबित होगा। परिवार में संतान और प ी की तरफ से लाभदायक समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मिलन-मुलाकात आपको आनंदित करेंगे।

<u>कर्कः</u> नौकरी या व्यवसाय करनेवालों के लिए आज का दिन लाभदायक है। शारीरिक व मानसिक ताजगी का अनुभव करेंगे। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मान-सम्मान के आप हकदार बनेंगे।

<u>सिंहः</u> आज का दिन मध्यम फलदायक होगा। आज धार्मिक और मांगलिक कार्यों में उपस्थित रहेंगे। आपका व्यवहार न्याय प्रिय रहेगा। धार्मिक प्रवास का आयोजन होगा। स्वास्थ्य साधारण नरम-गरम हो सकता है।

<u>कन्याः</u> आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आपमें आनंद एवं स्फूर्ति का अभाव हो सकता है। घर का माहौल सही रहे, इसका ध्यान रखें। परिजनों के साथ मनमुटाव होने की आशंका है।

<u>तुलाः</u> आपका आज का दिन सफलता और आमोद-प्रमोद से भरा होगा। आज हर कार्य में सफलता मिलेगी। मौज-मस्ती के पीछे खर्च हो सकता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा।

<u>वृश्चिकः</u> आज का दिन सब तरह से सुखमय में बीतेगा। नौकरी में अधिकारियो की कृपादृष्टि से प्रमोशन भी संभव है। विवाह इच्छुक व्यक्ति यों को जीवनसाथी मिलने का योग है।

<u>धनुः</u> आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। असमंजस जैसी स्थिति के कारण कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। प्रणय के लिए उचित समय है। साहित्य और लेखन के क्षेत्र में रुचि रहेगी।


<u>मकरः</u> आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा, जिससे मन में खिन्नता का अनुभव हो सकता है। शरीर में स्फूर्ति और ताजगी का अभाव हो सकता है।

<u>कुंभः</u> आज आप तन-मन से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। दिन के सभी कार्य योजनानुसार संपन्न होंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होंगे। भाई-बंधुओं से साथ मिलकर नए आयोजन हाथ में लेंगे। लघु प्रयास होंगे।

<u>मीनः</u> आज दिन मध्यम फलदायी होगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को संभव हो तो टाल दें।

## महाशिवरात्रि पर घर में शिवलिंग स्थापित करने जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

महाशिवरात्रि 4 मार्च को है और इस दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है, लोग इस दिन शिवमंदिरों में जाकर भोलेनाथ के दर्शन करते हैं, वहीं कुछ लोग इस दिन अपने घर में शिवलिंग की स्थापना भी करते हैं। अगर आप भी इस महाशिवरात्रि पर अपने घर में शिवलिंग की स्थापना करने की सोच रहे हैं तो आपको इससे संबंधित कुछ बातों के बारे में जानकारी होना आवश्यक है, आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...



अगर आप इस महाशिवरात्रि पर अपने घर में शिवलिंग स्थापित करने जा रहे हैं तो आप शिवलिंग की स्थापना करते समय आपका मुख दक्षिण दिशा में रखें। इसे ऐसी जगह पर स्थापित ना करें जहां पर अंधेरा रहता हो, इसे खुली जगह पर स्थापित करने से लाभ होता है। इस बात का ध्यान रखें कि अगर एक बार शिवलिंग की स्थापना हो जाए तो इसके बाद नियमित इसका अभिषेक किया जाना चाहिए, क्योंकि अगर शिवलिंग की नियमित पूजा न की जाए तो इससे घर में दोष उत्पन्न होने लगता है और इससे घर के सदस्यों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिवलिंग की स्थापना करने के बाद जब पूजा प्रारंभ करें तो सबसे पहले इस मंत्र का जाप करें....

**मंत्र -**

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः,
स्वस्ति ना पूषा विश्ववेदाः,
स्वस्ति न स्तारक्ष्यो अरिष्टनेमि
स्वस्ति नो बृहस्पति र्दधातु.

इसके बाद शिवलिंग का पंचामृत से अभिषेक करें और बेलपत्र चढ़ाएं, अंत में भगवान शिव के सबसे प्रमुख महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए 15 फरवरी को होगा टीम इंडिया का चयन



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया टीम भारत आई है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलियाई सरजमी पर शानदार प्रदर्शन किया था। तो एक बार फिर से इस बार ऑस्ट्रेलिया टीम इस महीने भारत के दौरे पर आएगी। टीम इंडिया को अपनी सरजमी पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टी20 मैच और पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसके साथ ही यह सीरीज आगामी विश्व कप के लिए टीम इंडिया के महत्वपूर्ण मानी जा रही है। क्योंकि इस सीरीज से भारतीय टीम अपने कमियों को सुधारना चाहेगा।

बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टी20 मैचों और पांच एकदिवसीय मैचों के लिए टीम इंडिया का चयन 15 फरवरी को होगा।

## मौजूदा दौर में विराट सबसे बेस्ट, महान बनने की ओरः कुमार संगकारा

नई दिल्ली (आरएनएस)। श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने



कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली आज के दौर के सभी बल्लेबाजों से काफी आगे हैं और महान बनने की राह पर हैं। रन-मशीन कोहली के लिए 2018 का साल शानदार रहा। कोहली ने इस साल इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के टेस्ट और वनडे इंटरनैशनल में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का खिताब जीता।

## रेलवे स्टेशनों पर टिकट चेक करेंगे निजी मार्शल, पार्किंग रेट तय करेगी निजी कंपनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के



साथ कुछ स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। बेंगलुरु के बाद राजधानी के आनंद विहार सहित चार स्टेशनों पर पार्किंग, प्लेटफॉर्म टिकट, खानपान सेवाएं, विज्ञापन, साफ सफाई, साज सज्जा, प्रतीक्षालय, विश्रामगृह आदि का प्रबंधन इसी माह से निजी कंपनियों को सौंपा जाएगा।

## 'सिज़्लर' बनाने की विधि जानिए



अगर कभी कभी कॉन्टिनेंटल फ़ूड खाने की बात करें तो सबसे पहले नाम सिज़्लर का ही आता है। वैसे तो और भी पकवान है जो कॉन्टिनेंटल में आते हैं, लेकिन आज हम बात कर रहे हैं सिज़्लर की जिसे खाना सभी को पसंद होता है। तो आपको इसके लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है बल्कि आप बाहर जैसा सिज़्लर घर में ही बना सकते हैं

<u>सामग्री -</u> 10-12 बड़े टुकड़े उबली हुई गाजर के, गोभी के 5-6 छोटे-छोटे फूल, 2 टे.स्पून उबली हुई हरी मटर, 2 टे. स्पून मशरूम के स्लाइस, 5-6 बेबी कॉर्न उबाल कर स्लाइस में कटे हुए, 1/2 कप उबला हुआ हरा पास्ता, 1/2 कप उबला हुआ सफ़ेद पास्ता, 1/2 कप पीजा सॉस, नमक और काली मिर्च स्वादानुसार, पकाने के लिए मक्खन.

<u>विधि-</u> थोड़ा-सा मक्खन गर्म करके उसमें गाजर को एक मिनट तक तले। फिर उसमें नमक और काली मिर्च डालें. गोभी के टुकड़ों को नमक मिले गरम पानी में कुछ मिनट भिगोकर निकाल लें. थोड़ा-सा मक्खन गरम करके गोभी को एक मिनट तक तलकर उसमें भी नमक व काली मिर्च डालें. जब सर्व करना हो तो सिजलर प्लेट को गैस पर गर्म करके उस पर मक्खन लगाकर उसमें वेजीटेबल्स और पास्ता को सजाकर, 1/2 मिनट प्लेट को गर्म करें. ऊपर से पीजा सॉस पास्ता पर फैलाएं और बहुत थोड़ा-सा मक्खन प्लेट पर डालकर तुरंत सर्व करें.

## शब्द सामर्थ्य-77

**बाएं से दाएं**

1. टुड्डी पर के बाल, टुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 76 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू-दोकू-77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 76 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |